सफलता | आरोपियों के कब्जे से सर्विस पिस्टल एवं 10 राउंड जिंदा कारतूस बरामद, लगातार सर्च ऑपरेशन से मिली सफलता

# पुलिस पर जानलेवा हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**अनूपपुर, नवभारत 25 अप्रैल।** चौकी सरई क्षेत्र में पुलिस पर प्राणघातक हमला कर चौकी प्रभारी की सर्विस पिस्टल लूटने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सर्विस पिस्टल एवं 10 राउंड जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। इस पूरी कार्रवाई को पुलिस ने मुखबिर सूचना और लगातार सर्च ऑपरेशन के आधार पर अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को चौकी सरई क्षेत्र में सूचना प्राप्त हुई थी कि तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से बकरी चोरी कर फरार हो रहे हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मंगल दुबे अपने हमराह प्रधान आरक्षक राम प्रसाद मरावी के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी के लिए रवाना हुए।

### कुल्हाड़ी व पत्थरों से किया था हमला

पुलिस टीम ने संदिग्धों की घेराबंदी की, लेकिन पुलिस को देखकर आरोपियों ने अपने साथ लाई गई चोरी की बकरी को मोटरसाइकिल से नीचे फेंक दिया और मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की गई, तभी एक आरोपी ने धारदार कुल्हाड़ी से चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मंगल दुबे पर हमला कर दिया। वहीं अन्य आरोपियों ने पत्थरों से हमला कर पुलिस टीम को घायल कर दिया।

### प्रभारी उपनिरीक्षक को आयी गंभीर चोट

इस हमले में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मंगल दुबे के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि प्रधान आरक्षक राम प्रसाद मरावी भी घायल हो गए। इसी दौरान आरोपियों ने चौकी प्रभारी की सर्विस पिस्टल लूट ली और मौके से जंगल की ओर फरार हो गए।

### किरार के जंगल से आरोपियों को दबोचा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। गठित विशेष टीम ने मामले की जांच एवं मुखबिर सूचना, तकनीकी साक्ष्यों एवं लगातार जंगल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान के माध्यम से शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 25 अप्रैल को किरार के जंगल से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई।

### एक नाबालिग आरोपी भी शामिल

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस की लूटी गई सर्विस पिस्टल एवं 10 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम त्वॉय खान, एक नाबालिग तथा हसन खान बताए। तीनों आरोपी ग्राम भदनपुर, थाना बदेरा जिला मैहर के निवासी हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथियार, चोरी की अन्य घटनाओं तथा गिरोह के अन्य सदस्यों के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है। मामले में विवेचना जारी है।



# खेरमाई धाम में मां संतोषी की प्राण प्रतिष्ठा आज

**भक्ति से आलोकित हुआ अनूपपुर**

**अनूपपुर,नवभारत 25 अप्रैली।** धर्मनगरी अनूपपुर में स्थित खेर माई धाम पटौरा टोला बिजली ऑफिस के पास में मां संतोषी की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इन दिनों आध्यात्मिक उल्लास अपने चरम पर है।

नगर के समाजसेवी रवि अग्रवाल (जैतहरी वाले) द्वारा निर्मित नवीन मंदिर में यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान पूर्वजों के आशीर्वाद एवं माँ भगवती की कृपा से विधिवत संपन्न किया जा रहा है। आयोजन में नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं। इस पावन अनुष्ठान का शुभारंभ 23 अप्रैल, गुरुवार को भव्य कलश यात्रा एवं पंचांग पूजन के साथ हुआ, जिसमें मातृशक्ति की विशेष सहभागिता देखने को मिली।

### पीठ पूजन व अन्नाधिवास आयोजित

इसके उपरांत 24 अप्रैल, शुक्रवार को पीठ पूजन, अन्नाधिवास एवं जलाधिवास जैसे वैदिक कर्मकांड विद्वान आचार्यों के निर्देशन में संपन्न हुए। 25 अप्रैल, शनिवार को शैय्याधिवास, द्रव्याधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास एवं पाठ पूजन के कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य संपन्न हुए, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।

### आज होंगे मुख्य अनुष्ठान

मुख्य अनुष्ठान 26 अप्रैल, रविवार को देवी पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा, जिसका श्रद्धालुओं को विशेष प्रतीक्षा है। इस दिव्य आयोजन का समापन 27 अप्रैल, सोमवार को विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा, जिसमें समस्त श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। यह समस्त धार्मिक अनुष्ठान श्री 1008 मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) एवं विद्वान आचार्य पं. हरिभजन अवस्थी के सानिध्य में संपन्न हो रहा है।

# हाथी गांवों में पहुंचकर कर रहे घरों में तोड़फोड़



**जिले में चार हिस्सों में बंटकर घूम रहे पांच हाथी**

**अनूपपुर, नवभारत 25 अप्रैल।** जिले में इन दिनों पांच जंगली हाथियों का आतंक ग्रामीणों के लिए बड़ी चिंता का कारण बना हुआ है। छत्तीसगढ़ सीमा से आए ये हाथी अब चार अलग-अलग समूहों में बंटकर अनूपपुर और जैतहरी क्षेत्र के गांवों व जंगलों में लगातार विचरण कर रहे हैं। दिन में जंगलों में डेरा डालने वाले हाथी रात होते ही भोजन की तलाश में गांवों में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ और खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की रातें डर और दहशत में गुजर रही हैं। शनिवार सुबह हाथियों का दल कुकुरगोंड़ा वन बीट धनगवां के जंगल में विश्राम करता देखा गया। वन विभाग की टीम लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। जानकारी के अनुसार एक दंतेल नर हाथी लगातार गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के मकानों को नुकसान पहुंचा रहा है। शुक्रवार रात इस हाथी ने मोहन उर्फ ललऊ सिंह गोंड के कच्चे मकान को छठवीं बार तोड़फोड़ कर पूरी तरह तहस-नहस कर दिया।

### वीयू में पक्षियों के लिए रखे पानी के सकोरे

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय तथा मत्स्य विज्ञान/महाविद्यालय में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनदीप शर्मा, कुलसचिव डॉ एस एस तोमर तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके महाजन द्वारा विश्वविद्यालय तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में गर्मी के इस भीषण मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए पानी के सकोरे स्थापित किए गए। यह कार्यक्रम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ सोना दुबे द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने परिसर के विभिन्न छायादार स्थानों पर मिट्टी के सकोरे रखे तथा उनमें स्वच्छ पानी भरने की व्यवस्था की।

# रामलाल रौतेल के अध्यक्ष बनने पर बदरा में जशन



**अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किए गए**

**बदरा नवभारत 25 अप्रैल।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वरिष्ठ आदिवासी नेता एवं पूर्व विधायक रामलाल रौतेल को अनुसूचित जनजाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की खबर सामने आते ही जमुना-कोतमा क्षेत्र के बदरा में उत्साह की लहर दौड़ गई।

ग्राम पंचायत बदरा के बदरा-जमुना तिराहा में सरपंच एवं मंडल पसान भाजपा के महामंत्री शिवभान सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भव्य जश्न मनाया। पटाखों की गूंज, मिठाइयों की मिठास और 'रामलाल रौतेल जिंदाबाद' के नारों के बीच पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

### आदिवासी समाज के आत्मसम्मान की जीत : सिंह

इस अवसर पर सरपंच एवं मंडल पसान भाजपा के महामंत्री शिवभान सिंह ने कहा कि रामलाल रौतेल का अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष पद पर मनोनयन केवल एक राजनीतिक नियुक्ति नहीं, बल्कि आदिवासी समाज के आत्मसम्मान, अधिकार और प्रतिनिधित्व की ऐतिहासिक जीत है। उन्होंने कहा कि रामलाल रौतेल ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में सदैव आदिवासी समाज, गरीब, वंचित और शोषित वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाया है।

### समाज के प्रति समर्पण कभी व्यर्थ नहीं जाता : मानसिंह

पूर्व सरपंच मानसिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रामलाल रौतेल की नियुक्ति ने यह साबित कर दिया है कि जनसेवा और समाज के प्रति समर्पण कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने कहा कि रामलाल रौतेल ने हमेशा क्षेत्र की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक गंभीरता से पहुंचाया और आदिवासी समाज के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ी। यही वजह है कि आज उनकी नियुक्ति पर गांव-गांव में खुशी का माहौल है।

## एक नजर में



### विभागों को ओटी रजिस्टर उपलब्ध कराया जाएगा

**अनूपपुर, नवभारत 25 अप्रैल।** मान्यता प्राप्त रेल संगठन साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के साथ बिलासपुर रेल मंडल की वर्ष 2026 की प्रथम पीएनएम (स्थाई वार्ता तंत्र) बैठक 23, 24 एवं 25 अप्रैल को बिलासपुर मंडल रेल सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर राकेश रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर जेएस मीना ने की, जबकि अपर मंडल रेल प्रबंधक एस. श्रीनिवास भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के संयोजक वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमन मिश्रा रहे तथा संचालन सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी भास्कर गुहा ने किया।

**10 प्रतिशत इंटक कोटा की अधिसूचना शीघ्र जारी होगी**-तीन दिवसीय स्थाई वार्ता तंत्र बैठक में कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इंजीनियरिंग विभाग सहित सभी विभागों में ओटी (ओवरटाइम) भुगतान सुनिश्चित करने हेतु ओटी रजिस्टर उपलब्ध कराया जाएगा। 10 प्रतिशत इंटक कोटा की अधिसूचना शीघ्र जारी की जाएगी। रनिंग स्टाफ के लिए कोरबा, ब्रजराजनगर, सूरजपुर एवं अन्य स्थानों में माइलेज बढ़ाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। स्पाउस ग्राउंड ट्रांसफर के मामलों में भी शीघ्र कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।



### कोतमा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह का स्वागत

**कोतमा नवभारत।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता अजय सिंह राहुल का बुधवार को कोतमा क्षेत्र में आगमन हुआ, जहां संतोष मिश्रा के निवास पर उनका शंख ध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चार एवं आतिशबाजी करते हुए बैंड बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार तय कार्यक्रम के अनुसार पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय सिंह राहुलबुधवार को अपरान्ह 4 बजे कोतमा पहुंचे जहां ज्योति पेट्रोल पंप के पास ब्राह्मणों ने शंख ध्वनि करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वस्तिवाचन कर अभिनन्दन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं व समाजसेवियों ने बैंड बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए माल्यार्पण कर राहुल का स्वागत किया। वरिष्ठ कांग्रेस संतोष मिश्रा ने अजय सिंह राहुल भैया व उनके साथ आये नेताओं का शॉल व श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर राहुल के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान, सभी विभागों व प्रकोष्ठों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान, विधायक फुंदेलाल सिंह, कांग्रेस जिला प्रभारी सुखेन्द्र सिंह बन्ना, सहित कई नेता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राहुल भैया एक दिवसीय अनूपपुर जिला के दौरे पर थे। वे सुबह नर्मदा का दर्शन पूजन करने के बाद राजेन्द्रग्राम फुंदेलाल सिंह मार्को के निवास पहुंचे थे।

# 322 बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**जिला जेल अनूपपुर में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 25 अप्रैल।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला जेल में शुक्रवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर जिला न्यायालय अनूपपुर के जिला न्यायाधीश प्रथम की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य शिविर का संचालन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एससी राय तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय अनूपपुर डॉ. आरपी परस्ते के निर्देशन में किया गया। इस दौरान सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. साकेत, आदित्य हॉस्पिटल शहडोल के न्यूरो सर्जन डॉ. राज शर्मा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मो. औजेर, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अमिनेश सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता गुरबानी, दंत चिकित्सक डॉ.



प्रीति साहू सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### ऑर्थोपेडिक्स विभाग ने 5 को जिला चिकित्सालय रेफर किया

शिविर में जिला जेल के कुल 322 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 307 पुरुष एवं 15 महिला बंदी शामिल रहे। मेडिसिन विभाग में 105 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से एक मरीज को जिला चिकित्सालय अनूपपुर तथा एक को मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया। न्यूरो विभाग में पांच मरीजों में से दो को जिला चिकित्सालय अनूपपुर और एक को मेडिकल कॉलेज शहडोल भेजा गया। सर्जरी विभाग के 19 मरीजों में से एक को रेफर किया गया, जबकि ऑर्थोपेडिक्स विभाग के 40 मरीजों में से पांच को जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजा गया।

### एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा आज, 1178 अभ्यर्थी होंगे शामिल

अनूपपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन 26 अप्रैल को जले में किया जाएगा। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला मुख्यालय अनूपपुर में परीक्षा के लिए कुल 3 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय कन्या विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तथा शासकीय तुलसी महाविद्यालय शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 1178 परीक्षार्थी दो सत्रों में परीक्षा देंगे। परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने के लिए इस वर्ष बायोमेट्रिक पहचान प्रक्रिया अनिवार्य की गई है। साथ ही अभ्यर्थियों की गहन तलाशी भी की जाएगी। इन प्रक्रियाओं में अतिरिक्त समय लगने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 90 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

# लू से बचने के लिए बरते विशेष सावधानी

**भीषण गर्मी को लेकर प्रशासन की अपील**

**अनूपपुर, नवभारत 25 अप्रैल।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और तेज तपिश को देखते हुए प्रशासन ने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। प्रशासन ने कहा है कि सावधानी ही सुरक्षा है और लू से बचाव के लिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है। प्रशासन ने लोगों से दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है, क्योंकि इस समय सूर्य की गर्मी सबसे अधिक होती है। यदि किसी जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़े, तो



सिर को छाते, टोपी या सूती गमछे से ढककर ही निकलें। गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी न हो, इसके लिए नियमित रूप से पानी पीते रहने की सलाह दी गई है। प्यास न लगने पर भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीना जरूरी बताया गया है।

### बच्चों व बुजुर्गों का रखे विशेष ध्यान

प्रशासन ने विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखने की अपील की है, क्योंकि गर्मी का असर इन पर जल्दी होता है। उन्हें ठंडी जगह पर रखें और समय-समय पर पानी या अन्य पेय पदार्थ देते रहें। यदि किसी व्यक्ति को चक्कर आना, तेज सिरदर्द या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो, तो उसे तुरंत छायादार और ठंडी जगह पर ले जाकर पानी पिलाएं। हालत में सुधार नहीं होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

समीक्षा बैठक | जिला पंचायत सीईओ ने आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने प्रयास जारी

# अजीविका दीदियों के घरों में स्थापित होंगे रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

**अनूपपुर, नवभारत 25 अप्रैल।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संचालित आजीविका मिशन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आजीविका दीदियों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए प्रभावी प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी आजीविका दीदियों के घरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला एवं ब्लॉक इकाई की समीक्षा बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक शशांक



प्रताप सिंह, जिला प्रबंधक, विकासखंड प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ ने आजीविका दीदियों के घरों में पोषण वाटिका स्थापित कर जैविक उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया।

### अतिरिक्त आय का भी अवसर मिलेगा

उन्होंने कहा कि इससे परिवारों को पोषण के साथ अतिरिक्त आय का भी अवसर मिलेगा। उन्होंने आजीविका मिशन के विभिन्न मदों में व्यय की स्थिति की समीक्षा करते हुए लोक अधिकार केंद्र के अंतर्गत हक-अधिकार, महिला हिंसा के प्रति जनजागरूकता और काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षमता संवर्धन के माध्यम से जिले में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### शहद पैकेजिंग में सुधार के दिए निर्देश

बैठक में आर-सेटी के अंतर्गत दिए गए प्रशिक्षण कार्यों की भी समीक्षा की गई। जंगली मधुमक्खी शहद संग्रहण कार्य की समीक्षा करते हुए सीईओ ने शहद को ओपन मार्केट में बेचने के लिए एफएसएसएआई में पंजीयन कराने तथा पैकेजिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। ग्रामीण आजीविका एक्सप्रेस योजना के अंतर्गत भेलमा से जैतहरी एवं छतई से बिजुरी के बीच संचालित आजीविका एक्सप्रेस वाहनों के संचालन की भी समीक्षा की गई।

### बेहतर कार्यों का प्रचार-प्रसार किया जाए

सीईओ ने निर्देश दिए कि सीएलएफ की विशिष्ट गतिविधियों का चिन्हांकन किया जाए तथा आजीविका मिशन के बेहतर कार्यों और सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके साथ ही एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की ग्रीष्मकाल में नियमित देखभाल, सिंचाई और मॉनिटरिंग के लिए आजीविका दीदियों के माध्यम से हितग्राहियों को प्रेरित करने के निर्देश भी दिए गए।